
तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून 2025

13 पादहस्तासन करता स्मरण शक्ति व रक्त संचरण में सुधार और अर्ध चक्रासन श्वास रोगों में फायदेमंद



14 मुख्यमंत्री आज रेवाड़ी को देंगे 288 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। चोरी का आरोपी नरेश।

### मकान में चोरी करने का आरोपी काबू, जेल भेजा

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गांव में एक मकान में हुई जेवरात व नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। रामपुरा थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में चंदन सिंह सोनी ने बताया था कि वह भिवाड़ी की एक कंपनी में नौकरी करता है। गत दिनों उसके घर का ताला तोड़कर चोर चांदी की तीन जोड़ी पाजेब, 6 हजार रुपये व कपड़े चोरी कर ले गए। अब उसे पता चला है कि चोरी की वारदात को गांव के ही नरेश नाम युवक ने अंजाम दिया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर नरेश के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए थे। पुलिस ने आरोपी नरेश उर्फ नोलिया को गिरफ्तार कर लिया।

### कंपनी के गेट पर खड़ी बाइक चोरी

**धारूहेड़ा।** चोर एक कंपनी के गेट पर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राजस्थान के महलावास निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि वह घर से बाइक लेकर कंपनी आया था। गेट पर बाइक खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। कंपनी के गेट पर लगा कैमरा चेक करने पर पाया कि बाइक पर दो युवक हेलमेट लगाकर आए। उनमें से एक उसकी बाइक को लेकर चला गया। पुलिस ने उसके शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### एक्साइज एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** पुलिस चौकी ने 12 जून को दर्ज एक्साइज एक्ट के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुड़ौली निवासी कपिल को कार में शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब की पेटियां बरामद की गई थी। पुलिस ने कार को भी कब्जे में ले लिया था। आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद खोरी निवासी धर्मेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने बोहका में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत पर गत 2 जून को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। वीडियो रिकॉर्डिंग से घटना की पुष्टि होने के बाद केस दर्ज किया गया था। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में बोहका निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने प्राणपुरा में मारपीट के बाद 5 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने 12 जून को पीड़ित पक्ष के बयान पर दर्ज किए गए केस में चांदनवास निवासी अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## नगर परिषद की ओर से नालों की सफाई का शुरू किया गया कार्य

# मानसून दस्तक देने को तैयार, नालों की सफाई का कार्य सुस्त, नप की खानापूर्ति से क्या फिर होगा जलभरा ?

■ बरसात शुरू होने से पहले पूरा होने की उम्मीद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। धारूहेड़ा में नाला साफ करता कर्मचारी, शहर में सरकुलर रोड पर नाले की सफाई का अधूरा कार्य, शहर में सरकुलर रोड पर नाले की सफाई का अधूरा कार्य। फोटो :हरिभूमि

मानसून के आने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। बरसात शुरू होने पर प्रति वर्ष शहरवासियों को सड़कों पर जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। इसका मुख्य कारण नालों की पूर्णरूप से सफाई नहीं होना है। नगर परिषद की लापरवाही के कारण प्रति वर्ष मानसून के सीजन से पूर्व नालों की आधी-अधूरी सफाई करके खानापूर्ति कर ली जाती है, जिसके कारण शहर की सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो जाती है और कई घंटों तक पानी की निकासी नहीं हो पाती है। इस वर्ष भी लाखों रुपये का ठेका देने के बाद भी शहर के बरसाती नाले गंदगी से लबालब भरे हुए है। हांलाकि नगर परिषद की ओर से ठेका लेने वाली फर्म की ओर से नालों की सफाई शुरू कर दी गई है, लेकिन इस बार भी सफाई कार्य सुस्त नजर आ रहा है। गत वर्ष शहर के नालों की सफाई के लिए करीब 39 लाख रुपये का ठेका दिया गया था, लेकिन सभी नालों की पूर्णरूप से सफाई नहीं हो पाई, जिससे शहर की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही।

### गंदगी से सराबोर शहर के सभी नाले

शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन प्रति वर्ष सुस्त नजर आता है। मानसून आने से पहले नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों की ओर से बैठक करके आदेश दिए जाते है। हकीकत में इन आदेशों पर अमल कम किया जाता है। वर्तमान में शहर के सेक्टर-एक के पास बरसाती नाला, मिनी बाइपास से साधूशाह नगर जा रहा बरसाती नाला, दिल्ली रोड का बरसाती नाला, ऑटो मार्केट का नाला, राव तुलाराम पार्क के पास का नाला, मॉडल टाउन का नाला व नारनौल रोड स्थित नाला सहित सरकुलर रोड के नाले पूरी तरह गंदगी से सरोबार है।

### धारूहेड़ा में भी नहीं नालों की सफाई पर ध्यान

धारूहेड़ा कस्बे में बरसाती व गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले पूरी तरह से कीचड़ एवं गंदगी से भरे हुए हैं। तीन दिन से नालों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर नंदरामपुर बास रोड पर बह रहा हैं। नगरपालिका के उप चेयरमैन अजय जांगडा ने शनिवार सुबह नालों की सफाई का निरीक्षण किया तथा गंदे पानी की निकासी ठीक से नहीं होने वाली जगहों को चिन्हित किया।

कस्बे में गंदे पानी की निकासी के लिए दिल्ली मार्ग, बास मार्ग, सोहना-पलवल रेवाड़ी राजमार्ग, बिजली निगम कार्यालय रोड़ के साथ व पशु पालन अस्पताल के साथ नाले बनाए गए थे। वर्तमान में सभी नाले गंदगी और कीचड़ से लबालब भरे हुए हैं। नगरपालिका ने सफाई कराने के लिए करीब 130 सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार के माध्यम से लगाया हुआ है। नपा ने कचरे की सफाई के लिए अलग से टेंडर छोड़ा हुआ है, लेकिन सफाई न होने के कारण अधिकांश नाले एवं नालियां कीचड़, गंदगी और पॉलीथिन से भरी हुई हैं, जिसके कारण हल्की सी वर्षा होने से कस्बे में जगह-जगह जलभराव हो जाता है। मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है, कस्बे में नालों की सफाई अभी तक नहीं की गई है। मानसून से पूर्व प्रत्येक वर्ष नगरपालिका की ओर से नालों की सफाई कराने के लिए लाखों रुपये का टेंडर छोड़ा जाता है, लेकिन नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति करके ठेका लेने वाली एजेंसी का भुगतान कर दिया जाता है।

#### नालों की सफाई के किए जा रहे प्रयास

*मानसून से पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई के लिए प्रयास किए जाएंगे ताकि कस्बे में जलभराव न हो। नालों की सफाई कराकर लोगों को जलभराव की समस्या से राहत दी जाएगी। मानसून से पूर्व शहर के नालों की सफाई करना अति आवश्यक है।* **-अजय जांगड़ा, उप प्रधान नपा धारूहेड़ा।**

#### शहर में गंदगी से लबालब नाला



## घर में चल रहा था शराब का मिनी ठेका, भारी मात्रा में शराब बरामद

■ आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही घर से बाहर निकल चुका था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

थाना जाटूसाना पुलिस ने दड़ौली गांव में एक मकान में छापा मारकर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही घर से बाहर निकल चुका था। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दड़ौली निवासी उमंग अपने घर शराब बेचने का धंधा करता है। उसने अपने घर पर भारी मात्रा में शराब रखी हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव में पहुंच गई। पुलिस ने सरपंच अनूप व चौकीदार राकेश को उमंग के घर पर बुलाया। पुलिस के पहुंचते ही उमंग की मां ने घर का गेट बंद कर दिया। चौकीदार ने उमंग की मां को घर का गेट खोलने को कहा, परंतु उसने गेट नहीं खोला। इसके बाद पुलिस ने रेवाड़ी पुलिस लाइन से महिला पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाया। महिला पुलिस के पहुंचने के बाद उमंग की मां ने गेट खोल दिया। मकान में तलाशी शुरू की गई, तो अंदर बनाए गए एक होद में भारी मात्रा में शराब भरी हुई थी।

#### होद से बाहर निकालीं पेटियां

पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में होद से शराब की पेटियां निकालना शुरू किया। होद से 10 पेटी शराब देशी मार्का रसीला संतरा पव्वा, 8 पेटी व 14 अध्धा खुला शराब देशी मार्का रसीला संतरा, 15 पेटी बोतल व 48 बोतल खुली मार्का रसीला संतरा शराब देशी, 9 बोतल खुली शराब अंग्रेजी मार्का रायल ग्रीन, 12 बोतल शराब अंग्रेजी मार्का रायल स्टैग, 20 अध्धा शराब अंग्रेजी मार्का इम्पीरियल ब्ल्यू व एक पेटी बीयर केन मार्का काल्सबर्ग बरामद हुई। उमंग की मां ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर के समय ही घर से बाहर चला गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

## कार चोरी मामले में तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

■ आरोपियों के कब्जे से चोरी की कार बरामद कर ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में कार चोरी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

महेश्वरी गांव के पास गत 28 मई को चोरी की गई वेगन-आर कार के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की कार बरामद कर ली गई है। सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में भिवाड़ी की एक कॉलोनी में रहने वाले यूपी के सिकंदरपुर निवासी शैलेंद्र ने बताया था कि वह वह 28 मई को अपने दोस्त कापड़ीवास छोड़कर वैगन-आर कार से घर लौट रहा था। महेश्वरी के पास शौचादि के लिए उसने गाड़ी साइड में खड़ी कर दी थी। इसके बाद वह खेत में चला गया। उससे चाबी गलती से गाड़ी में ही छूट गई थी। वापस आने पर उसे गाड़ी वहां नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी गाड़ी का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में भिवाड़ी की भाटी कॉलोनी में रह रहे गुरूग्राम के बहरमपुर निवासी सतपाल, भिवाड़ी के महेंद्र कॉलोनी निवासी निखिल व गुर्जर घटाल की कर्णकुंज कॉलोनी में रह रहे मूल रूप से बिहार के खैराटी निवासी सोनू अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।

#### 80 हजार में बेची थी कार

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि सतपाल और निखिल ने कार चोरी करने के बाद उसे सोनू अंसारी को महज 80 हजार में बेच दिया था। सोनू ने दोनों को बताया था कि वह कुछ दिन कार चलाने के बाद सही पाए जाने पर ही इस राशि का भुगतान करेगा। पुलिस ने कार बरामद करने के बाद तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, उसे उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में युवक पर केस

**बव्वा।** शादीपुर में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल में उपचाराधीन बिसोहा निवासी सूरज ने बताया कि वह 11 जून की रात वह शादीपुर में अंजू के घर गया था। उसने आरोप लगाया कि अंजू के घर के बाहर खड़े उसी के गांव के मुकुल ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। हाथापाई करते हुए उस पर र्इंट से हमला कर दिया। अंजू व उसके परिजनों ने बीच-बचाव करा दिया। इसके बाद जब वह वापस अपने गांव जा रहा था, तो बाइक पर आकर मुकुल ने उस पर दोबारा हमला कर दिया। उसके शरीर पर काफी चोटें मारने के बाद वह धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## अमानत में खयानत का आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

■ आरोपी के कब्जे से 28 हजार रुपये बरामद किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी राकेश मेहता। फोटो :हरिभूमि

शादी में हलवाई की बुकिंग लेकर सेना के रिटायर्ड सूबेदार मेजर से 3 लाख रुपये लेकर फरार हुए हलवाई को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 28 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। एसपी को दर्ज शिकायत में बोड़िया कमालपुर निवासी रिटायर्ड सूबेदार मेजर उदयभान ने बताया था कि उसके बेटे की शादी गत वर्ष 10 दिसंबर को तय थी। 8 दिसंबर को लग्न का प्रोग्राम बूढ़पुर के समारोह स्थल में रखा हुआ था। इसके लिए उसने हलवाई की बुकिंग मेहता कैटर्स कंकरवाली के मालिक राकेश महेता से 4 लाख रुपये में की थी। बुकिंग के लिए उसने 30 हजार रुपये एडवांस दे दिए थे। लग्न के लिए हलवाई का कार्य दो दिन पूर्व शुरू किया जाना था। इससे पूर्व ही राकेश मेहता ने कच्चा सामान खरीदने के लिए उससे और पैसों की डिमांड की। उसने कुल मिलाकर 3 लाख रुपये का भुगतान राकेश को कर दिया। उययसिंह के अनुसार ऐन मौके पर राकेश मेहता हलवाई का काम शुरू करने के लिए नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने इज्जत बचाने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करते हुए दूसरे हलवाई की व्यवस्था की। एसपी ने उसकी शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए सदर थाना पुलिस को आदेश जारी किए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

### कंपनी से हजारों रुपये का प्लास्टिक दाना चोरी

**बावल।** एचएसआईआईडी के सेक्टर-5 की एक कंपनी से हजारों रुपये का प्लास्टिक दाना चोरी हो गया। सीसीटीवी कैमरे में एक कर्मचारी ही चोरी करते हुए नजर आया, जिसके खिलाफ प्रबंधन ने केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। कंपनी के सीनियर एक्जिक्यूटिव संजीव कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि कंपनी परिसर से प्लास्टिक दाना के 60 बैग चोरी हो गए। कंपनी ने अपने स्तर पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की यह बैग 10 जून की रात 1:30 बजे से 2:00 बजे के बीच चोरी किए गए हैं। बैग चोरी करने वाला राजस्थान के अमोठ निवासी मोहित कुमार है, जो कंपनी में काम करता था। पुलिस ने चोरी की फुटेज कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया। आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## हीटवेव का प्रकोप कम होने के बाद उमस बढ़ी, अब मौसम में बड़ा परिवर्तन आने की संभावना

# दो डिग्री तक गिरा तापमान, उमस भरी गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार शाम आंधी और कुछ इलाकों में बौछारें गिरने से तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट तो आ गई, परंतु हवा में नमी का स्तर बढ़ने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी ने जमकर पसीने छुड़ाए। शाम के समय एक बार फिर से बादल छाए गए। अब मौसम में जल्द बदलाव की संभावना जताई जा रही है। आने वाले सप्ताह में झमाझम बारिश होने की उम्मीद है।जिले के मनेठी खंड में शुक्रवार सायं तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। कई अन्य जिलों में भी बूंदाबांदी हुई। शनिवार को अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस कम होकर 42.5 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 0.5 डिग्री की कमी के साथ 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 40 फीसदी रहा, जबकि दिन में 11 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। हवा में नमी का स्तर ज्यादा रहने के कारण सुबह से ही वातावरण उमस भरा हो गया। सुबह 8 बजे के बाद भारी गर्मी ने पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। उमस इतनी ज्यादा रही कि कूलरों की हवा ने भी राहत देना बंद कर दिया। चिपचिपाहट भरी गर्मी पसीना निकालती रही। एसी में रहने वाले लोगों को जरूर राहत मिली रही।



रेवाड़ी। भीषण गर्मी में सरकुलर रोड खाली, बचाव करते जाते राहगीर।

#### आज से तापमान में आएगी कमी

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे 15 जून से मौसम में परिवर्तन आना शुरू हो जाएगा। दो दिन तक आसमान में आंशिक बादलों के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। आने वाले सप्ताह के मध्य से झमाझम बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। अच्छी बरसात होने के बाद ही भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी।

#### किसानों की नजरें आसमान पर

मई के शुरू में हुई बारिश के बाद बड़ी संख्या में किसानों ने बाजरे की बिजाई कर दी थी। भारी गर्मी के कारण इस समय बाजरे की फसल को सिंचाई की ज्यादा आवश्यकता है। किसान फसल बचाने के लिए नलकूपों से सिंचाई कर रहे हैं। इसके बावजूद फसल बचाना मुश्किल साबित हो रहा है। ऐसे में किसानों की नजरें आसमान पर टिक चुकी हैं। अच्छी बरसात होने से फसलों को काफी फायदा मिल सकता है।

### एचएयू लाठीचार्ज प्रकरण में बावल कॉलेज का सहायक प्रोफेसर सस्पेंड

**बावल।** हरियाणा कृषि विवि हिसार में छात्रों पर लाठीचार्ज प्रकरण में बावल एग्रीकल्चर कॉलेज के सोशियोलॉजी के सहायक प्रोफेसर राधेश्याम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सस्पेंशन के दौरान बावल कॉलेज ही उनका मुख्यालय होगा। हिसार में स्कॉलरशिप को लेकर आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज किया गया था, जिसके बाद विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। बताया जा रहा है कि प्रो. घटना के दिन हिसार गए हुए थे। उन्होंने खुद सिक्योरिटी गार्ड से लाठी लेकर छात्रों को पीटना शुरू कर दिया था। राधेश्याम को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए हैं।

*इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।*

# मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

## एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

> एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति
> ●
> एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना

## पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न : 9.73%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
   - एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये
2. एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 9.28%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
   - एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये
3. निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 10.02%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
   - एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये
4. मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 11.11%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
   - **एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये**
5. एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 6.34%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
   - एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये




## रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है–इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

## शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

## लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- बड़ी कंपनियों में निवेश : लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- स्थिरता : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

## लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- कम जोखिम : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- विविधीकरण : लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया




गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

पैसे की बात

बिजनेस डेस्क

### क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

### टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

| ईटीएफ का नाम | 1 साल का रिटर्न | 3साल का रिटर्न |
|---|---|---|
| - यूटीआई गोल्ड ईटीएफ | 35.25% | 22.87% |
| - एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये | | |
| - एक्सिस गोल्ड ईटीएफ | 33.99% | 22.29% |
| - एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये | | |
| - आईसीआईसीआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ | 33.91% | 22.31% |
| - एयूएम : | 7,694 करोड़ रुपये | |
| - आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ | 33.83% | 22.23% |
| - एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये | | |
| - कोटक गोल्ड ईटीएफ : | 33.74% | 22.23% |
| - एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये | | |
| - एसबीआई गोल्ड ईटीएफ : | 33.66% | 22.10% |
| - एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये | | |
| - निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईईएस : | 33.52% | 22.08% |
| - एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये | | |
| - एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ : | 33.38% | 22.21% |
| - एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये | | |

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

### निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

### गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- सोने की कीमतों के साथ जुड़ावः गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- एक्सचेंज पर कारोबारः गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- निवेश की सुविधाः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

### गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- सोने की कीमतों में भागीदारीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरणः गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- लिक्विडिटीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

## बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन

# रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

समझदारी

बिजनेस डेस्क

**पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश**

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

### क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।



### 70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान :** 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

### कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक



करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट

## मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।



### कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?

एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।




### करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरणः अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
- लंबी अवधि का दृष्टिकोणः लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासनः वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञानः वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।




### करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचतः नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजनाः वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधनः जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्यः धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

खबर संक्षेप



## आंधी के साथ तेज बारिश उखड़ गए पेड़ व टीनशेड

**नारनौल।** क्षेत्र में शुक्रवार देर सायं आए तूफान ने काफी नुकसान पहुंचाया है। जगह-जगह पेड़-पौधे टूट गए। छप्पर, टीनशैड व होर्डिंग उड़ गए। इससे सबसे ज्यादा नुकसान बिजली निगम को हुआ है। इस तूफान से कई जगह बिजली के पोल के साथ पेड़ टूटकर गिर गए। इनमें सर्वाधिक निजामपुर, पवेरा, नापला, छिलरो, घाटाशेर, सहेली, गांवड़ी जाट गोलवा, नियाजलिपुर, रोपड़ सराय, धौलेड़ा, बिगोपुर, नांगल दर्गू, पांचनौता, मूसनौता, बायल, कारोली, मारोली व धानौता जैसे अन्य गांवों में नुकसान हुआ है। शुक्रवार सायं अचानक आई तेज आंधी से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं साथ में तेज हवा के साथ आई बरसात के कारण एक घंटे तक विद्युत बाधित रही। तूफान से क्षेत्र के गांव गोलवा के कृष्ण के घर के पास बनाई गई पशुओं के लिए टीनशेड उखड़ गई।

# पादहस्तासन करता स्मरण शक्ति व रक्त संचरण में सुधार और अर्ध चक्रासन श्वास रोगों में फायदेमंद


## कमर दर्द, हर्निया, माइग्रेन, हृदय रोग, उच्च व निम्न रक्तचाप की समस्याओं वाले नागरिक पादहस्तासन का अभ्यास न करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मनाए जाने वाले योग कार्यक्रम के लिए जिले में अनेक जगह योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर तीसरा आसन पादहस्तासन का अभ्सास कराया जाता है। पादहस्तासन संस्कृत के दो मूल शब्द पाद और हस्त से मिलकर बना है। पाद का अर्थ पैर और हस्त का अर्थ हाथ होता है।

इस आसन में अपने हाथों से पैरों को स्पर्श किया जाता है। इसलिए इस आसन को पादहस्तासन के नाम से जाना जाता है। आसन के लिए दोनों पैरों को मिलाकर सावधान की स्थिति में खड़े हो जाएं और दृष्टि सामने रखें। श्वास भरते हुए धीरे-धीरे दोनों हाथों को बगल से ऊपर की तरफ लेकर जाएं और दोनों बाजू कानों को स्पर्श करें। अब श्वास छोड़ते हुए हाथों को आगे की तरफ खींचते हुए, कमर से ऊपर के भाग को हाथों के साथ नीचे झुकाए। श्वास को तुरंत खाली करते हुए अपने दोनों हाथों की हथेलियां को दोनों पैरों के पास रखें तथा अपने चेहरे को दोनों घुटनों से स्पर्श करें। इस अवस्था में 10 से 15 सैकेंड तक रुकने का प्रयास करें। श्वास भरते हुए धीरे-धीरे दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।अर्ध चक्रासन दो शब्दों से मिलकर बना है। अर्ध का अर्थ आधा तथा चक्र का अर्थ पहिया होता है। इस आसन को करते समय शारीरिक स्थिति आधे चक्र जैसी हो जाती है। इसलिए इस आसन को अर्ध चक्रासन कहते हैं। आसन को करने के लिए सावधान की स्थिति में खड़े हो जाएं। दोनों पैरों के मध्य दो से तीन इंच का अंतर रखें। दोनों हाथों से कमर को इस प्रकार पकड़े की अंगूठे पीछे की तरफ और चार उंगलियां पेट की तरफ रहें। श्वास भरते हुए गर्दन और कमर को पीछे की तरफ झुकाएं।

इस अवस्था में 10 से 15 सैकेंड तक रुकने का प्रयास करें तथा श्वास लेते हुए धीरे-धीरे प्रारंभिक स्थिति में आ जाए। योग आचार्य डा. धर्मवीर ने बताया कि माइग्रेन, सिरदर्द, चक्कर आना, कमर और गर्दन में अधिक दर्द, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप व हर्निया की समस्याओं में इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। गर्भावस्था और माहवारी के समय भी शासन का अभ्यास न करें। उन्होंने बताया कि आसन के प्रारंभ में अधिक पीछे झुकना और अधिक लंबे समय तक रुकने का प्रयास न करें। सिर चकराने, चक्कर आने या असहज महसूस होने पर तुरंत श्वसन का अभ्यास करना चाहिए। इस आसन अर्ध ऊर्ध्व धनुरासन भी कहा जाता है। यह आसन नए अभ्यासियों के अच्छा माना गया है।




रेवाड़ी। पादहस्तासन का अभ्यास करते हुए युवक व अर्ध चक्रासन का अभ्यास करती युवती।

### पादहस्तासन करने के लाभ

*पादहस्तासन करने से पेट, कमर, जांघ व कूल्हे की अतिरिक्त चर्बी कम होती है। बच्चों की कद वृद्धि के लिए अच्छा अभ्यास है। भूख कम लगना, कब्ज, गैस, अजीर्ण, श्वास रोग, मूत्राशय के रोग एवं प्रजनन तंत्र से संबंधित समस्त रोगों में लाभकारी है। रीढ़ की हड्डी लचीली और मजबूत बनती है। इस आसन के अभ्यास से स्मरण शक्ति में सुधार होता है। रक्त संचरण में सुधार होता है।*

### अर्ध चक्रासन से मिलने वाले लाभ

अर्ध चक्रासन का अभ्यास करने से गर्दन, कमर में पेट की मांसपेशियां मजबूत होती है। सर्वाइकल स्पॉन्डलोसिस, डिस्क एवं अन्य मेरुदंड से संबंधित रोगों में यह बहुत लाभकारी है। श्वास रोगों में फायदेमंद है। यह पिट्यूटरी और थायराइड ग्रंथियों को उत्तेजित करता है तथा इससे कंधे और छाती का विस्तार होता है।

### इन समस्याओं में नहीं करें पादहस्तासन



योग आचार्य डा. धर्मवीर ने बताया कि कमर दर्द, हर्निया, माइग्रेन, हृदय रोग, उच्च व निम्न रक्तचाप की समस्याओं में एवं महिलाएं मासिक धर्म और गर्भावस्था के समय पादहस्तासन का अभ्यास न करें। आचार्य ने बताया कि आसन के प्रारंभ में घुटनों से सिर लगाने और जमीन पर हथेलियां रखने का अधिक प्रयास न करें। इस आसन में घुटनों को सीधा रखना चाहिए। योग आचार्य ने बताया कि यह आसन बैठकर किए जाने वाले आसन पश्चिमोत्तानासन की तरह ही होता है। यह आसन खड़े होकर होता है, जबकि पश्चिमोत्तानासन बैठकर किया जाता है। बच्चों की हाईट बढ़ती है तथा पाचन शक्ति मजबूत होती है।

# पैरोल अवधि पूरी होने पर नहीं आया जेल प्रशासन ने दर्ज करवाया केस

■ अच्छे आचरण के चलते मिल पाई थी पैरोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

गुरूग्राम जेल भोंडसी से अच्छे आचरण के चलते पैरोल पर आया एक बंदी अवधि पूरी होने के बाद जेल नहीं लौटा। सहायक जेल अधीक्षक की शिकायत पर थाना खोल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद फरार बंदी की तलाश शुरू कर दी।माजरा निवासी जितेंद्र के खिलाफ 20 फरवरी 2020 को थाना सदर पुलिस ने लूट व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए 7 साल की कैद व 3 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। वह गुरूगाम की जिला जेल में बंदी था। उसके अच्छे आचरण को देखते हुए जिलाधीश के आदेश पर 15 मार्च को दस सप्ताह के लिए पैरोल दी गई थी। पैरोल की अवधि 27 मई को पूरी होने के बाद जितेंद्र को वापस जेल जाना था, परंतु वह जेल नहीं पहुंचा। सहायक जेल अधीक्षक अमरजीत ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के लिए थाना खोल पुलिस को पत्र लिखा, जिसके आधार पर पुलिस ने जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### जेल जाने के लिए बैठा था बस में

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि जितेंद्र 27 मई को पैरोल की अवधि पूरी होने के बाद वापस जेल जाने के लिए घर से निकला था। उसका भाई धर्मबीर उसे गुरूग्राम की बस में बैठाकर आया था। इसके बाद वह कहां गया, इसका किसी को नहीं पता। पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए उसके दोस्तों और रिश्तेदारों से पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

# जोधपुर से चलकर 21 को रेवाड़ी पहुंचेगी रेजांगला पराक्रम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

अति शूरवीर वीर अहीर का खिताब जीतने वाली 13 कुमाऊं बटालियन के अद्वितीय रेजांगला पराक्रम का देशभर में यशोगान करने के लिए 17 जून को जोधपुर से शासन, प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं नागरिक भागीदारी के साथ रेजांगला पराक्रम यात्रा रवाना होगी।

रेजांगला युद्ध के महानायक मेजर शैतान सिंह भाटी परमवीर चक्र के शताब्दी जयंती वर्ष में यह यात्रा उनके पैतृक नगर जोधपुर से चलकर राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के रेजांगला अमर शहीदों के परिजनों को उनके गांव नगर में सम्मानित करती हुई 23 जुलाई को लेह-लद्दाख की चूशूल घाटी में स्थित अहीर धाम पर गंगाजल अर्पित करेंगी। सैनिकों की खान रेवाड़ी में यह यात्रा 21 जून को रात्रि विश्राम करेगी।

22 जून को शहीदों के परिजनों को सम्मानित करके रेजांगला युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दोपहर बाद गुरुग्राम के लिए प्रस्थान करेगी।

शहीद सेवा दल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस यात्रा में रेजांगला युद्ध के तीन जीवित योद्धा हवलदार निहाल सिंह सेना मेडल, कप्तान रामचंद्र यादव, हवलदार गजे सिंह, मेजर शैतान सिंह के सुपुत्र नरपत सिंह भाटी फाउंडेशन के निदेशक सावन सिंह रोहिल्ला के साथ यात्रा के साथ अंत तक शामिल रहेंगे। 2 अगस्त को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नई दिल्ली पर पूरी सैनिक परंपरा से यात्रा का समापन होगा।

# प्रदर्शनी में ली योजनाओं की जानकारी

■ विकसित भारत के अमृतकाल थीम पर प्रदर्शनी का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से लघु सचिवालय परिसर में विकसित भारत के अमृतकाल थीम पर आधारित प्रदर्शनी के अंतिम दिन लोगों ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा विकासात्मक योजनाओं की जानकारी ली।

प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और बदलावों को आमजन तक पहुंचाया गया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जनहित योजनाओं जैसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम, डिजिटल प्लेटफॉर्म और लक्षित योजनाओं का लाभ दिया। जरूरतमंद परिवारों को बिजली, पानी, शौचालय आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाने की योजनाओं बारे में लोगों को जानकारी दी गई।




रेवाड़ी। प्रदर्शनी में जानकारी लेते हुए लोग।



रेवाड़ी। महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती टीम।

### महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**रेवाड़ी।** शनिवार को करमसेतु फाउंडेशन की नारीशक्ति की पहल पर स्लम एरिये में महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। संस्था की सचिव प्रिया ने महिलाओं को मासिक धर्म से होने वाली समस्या से अवगत कराया और सैनिटरी पैड इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया। फाउंडेशन की ओर से कालाका चौक व कोनसीवास रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में 50 से अधिक महिलाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर संस्था से प्रीति, डिंपल, सुधी, पूजा, पूजा यादव,उषा, दीपांशी, कोमल व ओमप्रकाश ने सहयोग दिया।

# आईजीयू में बीबीए-पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एमबीए के लिए ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू 16 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्रबंधन विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीबीए-5 वर्षीय इंटीग्रेटेड एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू 16 जून को आयोजित किए जाएंगे।

विभागाध्यक्षा डा. समृद्धि ने बताया की पहली बार एडमिशन के लिए ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू को शामिल किया गया है। इस बार विद्यार्थियों के एडमिशन में 80 प्रतिशत वेटेज 12वीं के नंबरों की होगी। 10 नंबर का ग्रुप डिस्कशन व 10 नंबर का इंटरव्यू होगा। एनएसएस मैरिट सर्टिफिकेट के 5 नंबर अलग से होंगे। ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू के लिए अभ्यर्थियों को 16 जून को सुबह 10 बजे तक सेमिनार हॉल 3, राव तुलाराम भवन में रिपोर्ट करना होगा। बीबीए-5 ईयर एमबीए में एडमिशन के लिए 16 जून को दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि व ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू होगा। 17 जून को वेबसाइट व नोटिस बोर्ड पर पहली मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी। 19 जून को एडमिशन के लिए प्रथम काउंसलिंग होगी। एडमिशन कॉर्डिनेटर सुशांत यादव ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्हाट्सएप के माध्यम से 9467641881, 9896117311 या ईमेल के माध्यम से चेयरपर्सन. मैनेजमेंट @आईजीयू. एसी.इन पर संपर्क कर सकते हैं या आईजीयू. एसी.इन पर भी विजिट कर सकते हैं।



रेवाड़ी। प्रबंधन विभाग में कोर्स की जानकारी साझा करते विद्यार्थी।

# कोसली को आज मिलेगी 61.39 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कोसली



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को राव तुलाराम स्टेडियम में आयोजित होने वाली धन्यवाद रैली में कोसली विधानसभा क्षेत्र की 61 करोड़ 39 लाख रुपए लागत की पांच विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

कोसली के विधायक अनिल यादव ने बताया कि सादतनगर गांव में 44 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से नर्सिंग कॉलेज के भवन का लोकार्पण किया जाएगा। नर्सिंग कॉलेज के बनने से क्षेत्र की लड़कियों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। हलके की बिजली आपूर्ति को सुचारू करने के लिए धवाना में पांच करोड़ 80 लाख रुपए तथा लिलोढ़ में 6 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से 33 केवी के नए सब स्टेशनों का उद्घाटन किया जाएगा। गांव सुरहेली में दो करोड़ 38 लाख रूपए की लागत से बने नए स्पोर्ट्स स्टेडियम का भी उद्घाटन होगा। मुख्यमंत्री गांव रतनथल से पाल्हावास तक मार्केटिंग बोर्ड द्वारा दो करोड़ 14 लाख रूपए से बनने वाली सड़क की आधारशिला रखेंगे।

# योग दिवस के लिए प्रशिक्षकों को सौंपी जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, सूर्या फाउंडेशन, आयुष मंत्रालय एवं अध्यात्म योग संस्थान हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए शनिवार को ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग का आयोजन हरियाणा राज्य संयोजक डा. भंवर सिंह, सह संयोजक डा. हरीश, डा. धर्मवीर, डा. निशा और डा. विजेता आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। ग्राम पंचायत, कस्बा, खंड स्तर व जिला स्तर तक आयोजित करने के लिए जिले के अनुभवी योग शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई। योग शिक्षिका मोनिका यादव नगर को जिला संयोजक, योग शिक्षिका शिवानी सूरज स्कूल और रजत को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। योग शिक्षक दिनेश को ब्लॉक कन्वीनर नियुक्त किया गया तथा जाटूसाना से पूजा, नाहड़ से मोनिका, धारूहेड़ा से प्रियांशी और आशीष, बावल से मोनिका, खोल से वंशिका, डहीना से चेतना व अरविंद को योग दिवस के लिए ब्लॉक कन्वीनर बनाया।



रेवाड़ी। ऑनलाइन मीटिंग में जानकारी देते डॉ. भंवर सिंह व डॉ. धर्मवीर।

# आईजीयू में एमए अर्थशास्त्र के लिए 27 तक होंगे आवेदन

■ ग्रेजुएशन में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने जरूरी
■ पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के अर्थशास्त्र विभाग में एमए में सत्र 2025-26 के दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विकास बतरा ने बताया कि इस कोर्स में दाखिला लेने की योग्यता ग्रेजुएशन है, जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

अनुसूचित जाति, जनजाति नेत्रहीन तथा दिव्यांगों के लिए ग्रेजुएशन में कम से कम 42.50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। एमए अर्थशास्त्र में कुल 40 सीटें हैं। कोर्स में दाखिला लेने के लिए 27 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रोफेसर बतरा ने बताया कि अर्थशास्त्र एक ऐसा विषय है, जिसमे विद्यार्थी अनेक क्षेत्रों जैसे शोध, उद्योग, कॉर्पोरेट क्षेत्र, एनजीओ, बैंकिंग तथा अन्य कई क्षेत्रों में अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है। आईजीयू के विभाग से अध्ययन करके विद्यार्थी बेहतरीन यूनिवर्सिटी, कॉलेज तथा स्कूल में अध्यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को नई शिक्षा नीति अनुरूप बनाया गया है,जोकि रोजगारपरक शिक्षा तथा भारतीय मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त विभाग समय-समय पर दूसरे संस्थाओं में कार्यरत विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करता रहता है, जिसमें विभिन्न विषयों पर व्याखान दिए जाते है। विभाग में अनुभवी तथा मेहनती शिक्षक है, जो नियमित रूप से विद्यार्थियों को नए-नए विषयों की जानकारी देते हैं।

### गर्मी में राहगीरों के लिए लगाया वाटर कूलर

**नारनौल।** मोहनपुर बुहाना रोड पर शनिवार को वाटर कूलर का उद्घाटन मोहनपुर गांव के नागरिकों की ओर से सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर केवल सरपंच, सतेंद्र, राजेश व समस्त ग्रामवासी के हाथों से वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम

हादसे के समय बस में सवारियां नहीं होने से बड़ा हादसा टला, शराब के नशे में था चालक

# अनियंत्रित बस झुग्गियों में घुसी, युवक घायल, दो बकरियां मरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। मंडी अटेली

खोड़ मोड़ पर हरियाणा रोडवेज की किलोमीटर स्कीम बस शनिवार दोपहर अनियंत्रित होकर पलटने से गाड़िया लुहारों की झोपड़ियों में जा घुसी, जिससे एक लुहार घायल हो गया, जबकि वहां दो बकरियों की मौत हो गई। बस अनियंत्रित होकर लुहारों की झुग्गियों में पेड़ से टकराने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

नारनौल डिपो का रोडवेज बस चालक शराब के नशे में बताया जाता है। हादसे के समय बस में सवारिया नहीं थी, केवल चालक ही था। अटेली पुलिस सूचना पा कर घटनास्थल पर पहुंच कर बस व चालक को अपने कब्जे में लेकर उसका मेडिकल करवाने के लिए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। रोडवेज को नारनौल से कालका जाना था, लेकिन चालक द्वारा शराब के नशे में होने के कारण बस को अटेली बस स्टैंड पर सवारियों को उतार दिया, लेकिन बस चालक रोडवेज को जबरदस्ती सिहमा की तरफ लेकर चला गया और खोड़ मोड़ पर यह हादसा हो गया। चालक स्कीम के तहत रोडवेज में कार्यरत है। बस चालक निजामपुर क्षेत्र के गांव सरेली निवासी अनिल बताया जा रहा है। बस चालक की हरकत को देखते हुए पवन परिचालक ने अटेली बस स्टैंड पर आकर बस अड्डा इंचार्ज सुरेंद्र कुमार को सूचना दी की कि यह ड्राइवर गाड़ी चलाने लायक नहीं है। इसने शराब पी रखी है। नारनौल से अटेली आते वक्त चार-पांच जगह अनावश्यक ब्रेक व गाड़ी को गलत दिशा में चलाते हुए अटेली पहुंचा है। गाड़ी को जल्दी से खाली कराया जाए। उस समय बस में लगभग 20 यात्री बैठे हुए थे। उनको दूसरी बस में बैठाकर उनके स्थान के लिए छोड़ दिया गया। इसके बारे में अटेली थाना के इंचार्ज देवेंद्र कुमार ने बताया कि ड्राइवर को अपने कब्जे में लेकर उसका मेडिकल टेस्ट करने के लिए अटेली के अस्पताल में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




मंडी अटेली। खोड़ मोड़ पर झुग्गियों में घुसी रोडवेज बस व बस की क्षतिग्रस्त सीटें।

फोटो : हरिभूमि

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेवाड़ी जिले के खण्ड नाहड़ की ग्राम पंचायत छव्वा में लोहे के रैम्प, अलमारी, सन्दूक, रिक्शा, मोटर, लकड़ी की कड़ी, लोहे के पाईप, सौलर बैटरी, जंगला, खिड़की, रोशनदान व कुर्सी की नीलामी दिनांक-23-6-2025 को प्रातः 10 बजे पंचायत घर के प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बतौर सिक्योरिटी रूपए 5000/-(पांच हजार) जमा कराने होंगे। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जायेगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत छव्वा, खंड नाहड़ (रेवाड़ी)
मो.8053483605

## खबर संक्षेप

### स्कूटी चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मोहल्ला बास सिताबराय से स्कूटी चोरी करने के मामले में सिटी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। मोहल्ला निवासी प्रवीण सेन ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसने अपनी स्कूटी 9 मई की रात घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे स्कूटी नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश करने के लिए काफी प्रयास किए, परंतु उसकी स्कूटी का कोई पता नहीं चल सका। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर 30 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने नारनौल के बास मोहल्ला निवासी रोहित उर्फ गोलू व नई आबादी भीम बस्ती निवासी रवि कुमार उर्फ मोडी को गिरफ्तार किया है।

### नाहड़ खंड में पंचायतीराज के उप चुनाव की तैयारी पूरी

**कोसली।** नाहड़ खंड में 15 जून को पंचायत समिति नाहड़ के वार्ड नंबर पांच के सदस्य के उपचुनाव व श्याम नगर गांव के सरपंच के लिए होने वाले चुनाव के लिए प्रक्रिया पूरी हो गई है। पंचायत समिति के वार्ड नंबर पांच का चुनाव ब्लॉक समिति सदस्य के निधन के कारण हो रहा है। वार्ड नंबर पांच में तीन गांव भडंगी, मुमताजपुर व कोहारड़ गांव आते हैं, जहां से दो उम्मीदवार मैदान में हैं। भडंगी गांव से निशा यादव व कोहारड़ गांव से प्रीति शर्मा पंचायत समिति सदस्य बनने के लिए चुनाव लड़ रही हैं।

# सीएम आज रेवाड़ी को देंगे 288 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात

1. विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने लिया समारोह स्थल का जायजा
2. मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह आरती सिंह,डा. अरविंद शर्मा आदि शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार 15 जून को रेवाड़ी शहर के राव तुलाराम स्टेडियम में धन्यवाद रैली-उद्घाटन व शिलान्यास समारोह में शिरकत करने के साथ दिल्ली रोड स्थित नवनिर्मित जिला जेल भवन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री जिले को 288 करोड़ 30 लाख 93 हजार रुपये की 14 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 193 करोड़ 93 लाख 56 हजार रुपये की 8 योजनाओं का उद्घाटन व 94 करोड़ 37 लाख 37 हजार रुपये की 6 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। शनिवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र मीणा व भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली ने समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धन्यवाद रैली में मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव, सहकारिता व जेल एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा सहित अनेक नेता व गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### इन परियोजनाओं का शिलान्यास

रैली में धारूहेड़ा में 12 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बस स्टैंड, रेवाड़ी में 65 करोड़ 32 लाख 85 हजार रुपये की लागत से नए 18 बेज आधुनिक बस स्टैंड एवं रोडवेज वर्कशॉप, राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी में 9 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से बिछाए जाने वाले एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक, गांव रतनथल से पाल्हावास के लिए 2 करोड़ 14 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले लिंक रोड, अनाजमंडी रेवाड़ी में शुद्ध वर्षा जल संचय के लिए इंडो-जैपनीज तकनीक से दो करोड़ 36 लाख 95 हजार रुपये की लागत से बनाए जाने वाले टैंक का निर्माण, नगर परिषद रेवाड़ी क्षेत्र में दो करोड़ सात लाख 6 हजार रुपये की लागत से वर्षा जल संचय के बनाए जाने वाले टैंकों की आधारशिला रखी जाएगी।


रेवाड़ी। आरटीआर स्टेडियम में रैली स्थल का जायजा लेते भाजपा नेता व अधिकारी।


रेवाड़ी। शाहजहांपुर रेलवे क्रासिंग का नवनिर्मित आरओबी, जिसका आज उद्घाटन होगा।

### इन योजनाओं का किया जाएगा उद्घाटन

मुख्यमंत्री गांव सहादत नगर में 44.45 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित नर्सिंग कॉलेज, गांव धवाना में 5 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 33 केवी सब स्टेशन, गांव लिलोढ़ में 6 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 33 केवी सब स्टेशन, गांव सुरहेली में 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बना स्पोर्टस स्टेडियम, रेवाड़ी में 95 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से बनाई गई अत्याधुनिक जेल, गांव संगवाड़ी में 71.56 लाख रुपये की लागत से बनाए गए ग्राम सचिवालय, रेवाड़ी में 1 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से ब्रास मार्केट के कराए गए विकास कार्य व रेवाड़ी-अलवर-जयपुर रेलवे लाइन पर शाहजहांपुर क्रासिंग के ऊपर 37 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से फोरलेन आरओबी का लोकार्पण करेंगे। इसमे जेल परिसर का उद्घाटन धन्यवाद रैली से पहले करीब 95.14 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित जेल परिसर में ही किया जाएगा।


रेवाड़ी। जेल परिसर में रिहर्सल करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

*मुख्यमंत्री की रैली को लेकर*

## जिला पुलिस ने की रिहर्सल, एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

- एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा बोले पुलिस कर्मी सतर्क एवं सजग रहकर ड्यूटी का करें निर्वहन, किसी ने असामाजिक गतिविधियां की तो होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 जून को दिल्ली रोड पर नवनिर्मित जेल परिसर का उद्घाटन करने के साथ ही राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में धन्यवाद रैली में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शनिवार को एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर एसपी ने पुलिस की रिहर्सल में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने शहर के सभी रूटों व वैकल्पिक रूटों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की बैरिकेडिंग, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सफाई, मोबाइल टॉयलेट्स, वीवीआईपी, मीडिया गैलरी, चेकिंग पॉइंट, हेलीपैड और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों की जांच की। इस अवसर पर एसपी मीणा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल के आसपास वाहनों से जाम की स्थिति न बने तथा सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न रहे, इसके लिए अधिकारी व कर्मचारी सतर्क एवं सजग रहकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसपी ने कहा कि कार्यक्रम की आड़ में कोई भी असामाजिक व अपराधिक गतिविधियां करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रिहर्सल दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद व डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर सहित सभी प्रभारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।


रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो :हरिभूमि

### वाहन चालक इन वैकल्पिक मार्गों का कर सकते प्रयोग

एसपी ने कहा कि 15 जून को बिना किसी इमरजेंसी के वाहन भारी वाहन लेकर शहर में प्रवेश न करें व अन्य वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें। वाहन मालिक अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करें। रविवार को कार्यक्रम के दौरान धारूहेड़ा चुंगी से दिल्ली रोड एनएच-352 फ्लाईओवर चौक तक व राव अभयसिंह चौक से प्रजापति चौक तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। धारूहेड़ा से रेवाड़ी की ओर आने वाले वाहन दिल्ली रोड से एनएच-352 फ्लाईओवर से रामगढ़ फ्लाईओवर के नीचे से प्रजापति चौक आने के बाद आजाद चौक के रास्ते शहर में प्रवेश कर सकेंगे। समारोह में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए पुलिस विभाग की ओर से प्रजापति चौक के पास नए बस स्टैंड की जमीन व भाजपा कार्यालय के पास खाली जमीन पर वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था की गई है।



रेवाड़ी। योग सेवा केंद्र को मैट भेंट करते संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

*योग जीवन के लिए बहुत जरूरी*

## योग सेवा केंद्र को बीस योगा मैट भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

सामाजिक संस्था मैनिटी की ओर से कोसली स्थित योग सेवा केंद्र को बीस योगा मैट भेंट किए गए। संस्था के विजय आजाद नंबरदार ने कहा कि योग जीवन के लिए बहुत जरूरी है। महर्षि पतंजलि की इस विद्या को पूरा संसार अपना रहा है। भारत सरकार के प्रयास से अब 21 जून का दिन योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी आयु वर्ग के लोग दैनिक जीवन से समय निकालकर योग सेवा केंद्र में आ रहे है। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्था ने योगा मैट भेंट किए। योग सेवा केंद्र से जसवंत सिंह ने कहा कि नियमित योग अभ्यास मानसिक स्पष्टता और शांति पैदा करता है। शरीर के प्रति जागरूकता बढ़ता है व पुराने तनाव पैटर्न से राहत देता है। योग मन को शांत कर एकाग्रता बढ़ाता है। योग शरीर के जोड़ों, त्वचा, शरीर की ग्रंथियों, नसों, आंतरिक अंगों, हड्डियों, सांस और मस्तिष्क को प्रभावित करता है। संस्था की अध्यक्ष डा. सुषमा यादव, एडवोकेट रिंकू कोसलिया, सुदर्शन, नरेश, सुनीता यादव, संतोष, पुष्पा व राधारानी उपस्थित थी।

*बाबा बोहका वाला मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन*

## एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए नई सांसें और एक नई उम्मीद बन सकता : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर गांव सुरहेली में विजय एकता मंच एवं राष्ट्रीय कैंसर संस्थान एम्स बाढ़सा के संयुक्त तत्वावधान में बाबा बोहका वाला मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच सुमनबाई और मंदिर कमेटी के प्रधान यादराम यादव ने किया। इस अवसर पर युवाओं ने 57 यूनिट रक्तदान किया। विजय एकता मंच से विजय गुड़यिानी ने कहा की रक्तदाताओं की ओर से दान किया रक्त दूसरों के जीवन को बचाने के काम आता है। यह समाज में करुणा, सहयोग और मानवता की भावना को भी सशक्त करता है। प्लाज्मा और प्लेटलेट दाताओं का योगदान अमूल्य है। अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान अभियान से जुड़ना चाहिए तथा हर सक्षम नागरिक को नियमित रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए नई सांसें और एक नई उम्मीद बन सकता है। इस पुनीत कार्य में सरपंच सुमनबाई, डा. निखिल, सतेंद्र यादव, विनय यादव, अजय, अनुज, विकास यादव व राकेश कुमार सहित अनेक युवाओं का योगदान उल्लेखनीय रहा। सरपंच ने सभी रक्तदाताओं व आयोजकों का आभार व्यक्त किया।


रेवाड़ी। शिविर में एक रक्तदाता को प्रोत्साहित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

*छात्रा को बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की*

## पीएम श्री स्कूल पाल्हावास की छात्रा रिशु राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित



रेवाड़ी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कार लेती छात्रा रिशु यादव। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास की 12वीं कक्षा की छात्रा रिशु यादव ने डिक्लेमेशन में राज्य भर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या शोभा रानी भारद्वाज ने बताया कि करनाल में हरियाणा बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्रा रिशु यादव को सर्टिफिकेट, मेडल और इनाम देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि छात्रा रिशु यादव राज्य स्तरीय कार्यक्रम के 106 छात्रों में रेवाड़ी से सरकारी स्कूल की अकेली छात्रा थी। बाकी 105 विद्यार्थी अन्य प्राइवेट स्कूलों से थे। सीपी यादव, सुषमा शर्मा, सतीश सोनी, मुकेश यादव, पूनम यादव लैब अटेंडेंट, सोनू यादव, मांगे राम व सुमन यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ऑनलाइन जॉब के नाम पर बनाया ठगी का शिकार

**रेवाड़ी।** नौकरी के लिए गूगल पर रिज्यूम अपलोड करने के बाद एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। जॉब के बदले ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर उसे हजारों रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। माजरा गुरदास निवासी ललित कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने जॉब की तलाश के लिए गूगल पर अपना बायोडाटा डाला था। उसके पास 14 मई को व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि वह ऑनलाइन जॉब से अच्छा पैसा घर बैठे कमा सकता है। उसे टेलीग्राम पर एक आईडी बताकर टास्क पूरा करने को कहा। उसे टास्क पूरा करने के लिए एक यूपीआई नंबर देकर उस पर 15 हजार रुपये भेजने को कहा। उसने यह राशि यूपीआई नंबर पर भेज दी। इसके बाद उसे बताया गया कि उसके 23 हजार रुपये हो गए हैं, लेकिन राशि निकालने के लिए उसे 50 हजार रुपये और ट्रांसफर करने होंगे। पूरी रकम एक साथ वापस कर दी जाएगी। झांसे में आकर उसने यह रकम भी ट्रांसफर कर दी। उसे ठगी का पता उस समय चला जब 65 हजार रुपये ट्रांसफर करने के बावजूद और पैसे जमा कराने को कहा गया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

*2 लाख प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया*

## राज इंटरनेशनल स्कूल के 32 विद्यार्थियों को राज्यपाल से मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह में राज इंटरनेशनल स्कूल के 32 विद्यार्थियों को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने करनाल के मंगल सेन ऑडिटोरियम में सम्मानित किया। गत वर्ष 2024-25 में बाल भवन में जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न जिलों से लगभग 2 लाख प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमे 375 बच्चों को राज्य स्तर पर पुरस्कार मिला, जिसमें राज इंटरनेशनल स्कूल के 32 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सुमन सैनी उपाध्यक्षा, सुषमा गुप्ता मानद् महासचिव और उत्तम सिंह, उपायुक्त एवं अध्यक्ष हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी। संस्था के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने विवेक भरद्वाज, अभिषेक सैनी, मंजू, महेन्द्र, मनोज वर्मा, नजर व जितेंद्र सहित बच्चों को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत तथा उनके माता पिता व शिक्षकों के सहयोग से ही स्कूल ने पूरे हरियाणा में परचम लहराया हैं।



रेवाड़ी। राज स्कूल के बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**अभियान** एनसीबी टीम ने कंकरवाली चौक पर लोगों को जागरूक करके नशा न करने की दिलाई शपथ

# नशे की लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती : नीरज

*नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एनसीबी जिला यूनिट इंचार्ज नीरज कुमार ने कहा कि नशा समाज को दीमक की तरह खाली कर रहा है, हमारी युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त हो चुकी है। नशा एक सामाजिक कुरीति है, जिसे सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नारकोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित और प्रयासरत है। शनिवार को जिला यूनिट की ओर से कंकरवाली चौक पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों, युवाओं, मजदूरों व अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। एनसीबी यूनिट इंचार्ज ने बताया कि हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ समाज को नशे के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है, क्योंकि एक जागरूक समाज ही बेहतर भविष्य का निर्माण करता है।



रेवाड़ी। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए एनसीबी टीम। फोटो : हरिभूमि

### नशा व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है

*नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं, मीडिया और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस .जीओवी.इन और हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 या इंचार्ज के मोबाइल नंबर 9813136557 पर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकें।*